# A. K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office : 14th K.M. Stone, Chittorgarh Road,
Village : Biliya Kalan, BHILWARA - 311 001 (Raj.)
CIN No. L17117RJ1994PLC008916
Mobile : +91 98870 49006
E-mail : akspintex@gmail.com
web. : www.akspintex.com

**31st MAY,2023**

**Online Filling at www.listing.bseindia.com**

To,
The General Manager
DCS-CRD
Bombay Exchange Ltd.
Rotunda Building
P.J. Tower, Dalal Street, Fort
MUMBAI - 400001

**BSE SCRIP: 539300**

**Sub: Regulation 47 and other applicable regulations, if any, of the SEBI (LODR) Regulation,2015**
**Newspaper publication of Financials in Newspaper**

Respected Sir,

With reference to above, please note that the Audited Financial Results forr the quarter and year ended 31st March, 2023 of A.K. Spintex Limited has been published on 30th May, 2023 in Financial Express and Nafa Nuksaan having circulation in whole india

Enclosed herewith please find copy of the newspaper cuttings.

This is for your information and records.

Thanking you.

Yours faithfully

**For, A.K. SPINTEX LIMITED.**

For : A.K. SPINTEX LTD.
ASHISH KUMAR BAGRECHA
COMPANY SECRETARY

**ASHISH KUMAR BAGRECHA**
**COMPANY SECRETARY &**
**COMPLIANCE OFFICER**

**Encl: a/a**

table with contracted rate of interest thereupon from their respective dates and other costs, charges etc., within 60 days from the date of this publication, failing which the undersigned shall be constrained to initiate proceedings U/s 13(4) and Sec. 14 of the SARFAESI Act, against the mortgage properties mentioned herein above to realize the amount due to ORIX Leasing & Financial Services India Limited. Further you are prohibited U/s 13(13) of the said Act from transferring the said secured asset either by way of sale / lease or otherwise.

Sd/-

**Date: 24.05.2023** **Authorised officer**
**Place : Delhi** **ORIX Leasing & Financial Services India Limited**

# A.K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office:-14 K.M. STONE, CHITTOR ROAD, BILIYA-KALAN, BHILWARA-311001 (RAJ.) Ph: 9887049006, 9929139002
Email:-akspintex@gmail.com: Website:-www.akspintex.com (CIN: L17117RJ1994PLC008916)

**Audited Financial Result for the Quarter and Year Ended March 31,2023** (Rs. In lacs)

| Particulars | Quarter Ended 31.03.2023 | Quarter Ended 31.03.2022 | Year Ended 31.03.2023 | Year Ended 31.03.2021 |
|---|---|---|---|---|
| | Audited | Audited | Audited | Audited |
| Total income from operations (net) | 3232.28 | 2365.01 | 11643.27 | 7265.08 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 154.38 | 83.58 | 732.42 | 180.84 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 154.38 | 83.58 | 732.42 | 180.84 |
| Equity Share Capital | 503.17 | 503.17 | 503.17 | 503.17 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | 2549.38 | 1816.96 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 3.07 | 1.66 | 14.56 | 3.59 |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 3.07 | 1.66 | 14.56 | 3.59 |

**Notes:-** The above is an extract of the detailed format of the Audited Financial Results for the quarterand Year ended 31st March, 2023 filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats on Financial Results are available on the Stock Exchange websites of BSE at **www.bseindia.com** and company's website at **www.akspintex.com.**

For and on behalf of Board of Directors
For **A.K. SPINTEX LIMITED**
Sd/-
**(Prakash Chand Chhabra)**
Managing Director (DIN: 00155631)

**Date : 30.05.2023**
**Place: Bhilwara**

# VINAYAK POLYCON International Ltd.

Regd. Office : 312, Navjeevan Complex, 29, Station Road, Jaipur - 302006 • Ph. : 0141-2377007, Fax: 0141-2378830, Email: investor@vinayakpolycon.com, Website: www.vinayakpolycon.com
**CIN NO.: L25209RJ2009PLC030620** **(Amount Rs. In Lakhs)**

**Extract of the Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2023**

| S.No. | Particulars | 3 Months Ended 31.03.2023 | 3 Months Ended 31.12.2022 | 3 Months Ended 31.03.2022 | Year Ended 31.03.2023 | Year Ended 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 625.12 | 598.86 | 474.09 | 2187.27 | 1528.71 |
| 2 | Net Profit /(Loss) for the period before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items | 1.84 | 11.86 | 6.58 | 18.62 | 2.67 |
| 3 | Net Profit /(Loss) for the period before Tax (After Exceptional and /or Extraordinary items) | 1.84 | 11.86 | 6.58 | 18.62 | 2.67 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.14 | 4.89 | 7.09 | 11.7 | 4.21 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the Period (Comprising Profit/ (Loss) for the period (After Tax) and other Comprehensive Income (After Tax) | 2.14 | 4.89 | 7.09 | 11.7 | 4.21 |
| 6 | Equity Share Capital | 308.13 | 308.13 | 308.13 | 308.13 | 308.13 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves) as shown in the balance sheet of previous year | - | - | - | 140.90 | 129.20 |
| 8 | Earning per share (EPS) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | |
| | 1. Basic: | 0.07 | 0.16 | 0.23 | 0.38 | 0.14 |
| | 2. Diluted: | 0.07 | 0.16 | 0.23 | 0.38 | 0.14 |

**Note:** (1) These Standalone Ind AS Financial Results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Ind AS 34 Interim Financial Reporting prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, read with relevant rules issued thereunder. (2) The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2023 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2023 are available on the website of Bombay Stock Exchange (www.bseindia.com) and website of the Company (www.vinayakpolycon.com).

For and on behalf of the Board
Sd/-
**Bharat Kumar Baid** (Managing Director)

**Place: Jaipur**
**Date: 30th May, 2023**

# SIR SHADI LAL ENTERPRISES LTD.

CIN NO.L51909UP1933PLC146675
SHAMLI DIST.SHAMLI UTTAR PRADESH 247 776
Phone no.01398-250064, Fax No. 01398-250032
Email: udsm_shamli@sirshadilal.com : website www.sirshadilal.com

**Abstract of Audited Financial Results for the Quarter and year ended 31st March, 2023** (Rs. in Lacs)

| Particulars | Quarter ended | | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2022 |
| Total Income from Operations | 19123.83 | 15511.21 | 14440.17 | 55296.81 | 47029.67 |
| Net Profit(+)/Loss(-) for the period[before tax, Exceptional and/ or Extraordinary items] | (+)301.53 | (-)538.86 | (+)603.56 | (-)2962.19 | (-)1652.50 |
| Net Profit(+)/Loss(-) for the period before tax [after Exceptional and/ or Extraordinary items] | (+)301.53 | (-)538.86 | (+)603.56 | (-)2962.19 | (-)1652.50 |
| Net Profit(+)/Loss(-) for the period after tax [after Exceptional and/ or Extraordinary items] | (+)301.53 | (-)538.86 | (+)603.56 | (-)2962.19 | (-)1652.50 |
| Total other Comprehensive income | (-)153.36 | (+)14.46 | (-)2.34 | (-)94.18 | (+)95.64 |
| Total Comprehensive income for the period (Comprising Profit/Loss for the period( after tax) and other comprehensive income for the period (after tax) | (+)148.17 | (-)524.40 | (+)601.22 | (-)3056.37 | (-)1556.86 |
| Reserves excluding revaluation reserve(Rs.44559.14 Lacs) | | | | (-) 16084.21 | (-) 13027.85 |
| Paid-up Equity Share Capital | 525.00 | 525.00 | 525.00 | 525.00 | 525.00 |
| Earnings per share (not annualized of Rs. 10/-) Basic and Diluted | (+)5.743 | (-)10.264 | (+)11.496 | (-)56.423 | (-)31.476 |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.The full format of the Audited Financial Results are available on the websites of the Bombay Stock Exchange at www.bseindia.com and the Company's website at www.sirshadilal.com
2. The financial results for the quarter and Year ended 31st March, 2023 are in compliance with Indian Accounting Standards (IND-AS) notified by the Ministry of Corporate Affairs. Consequently, the financial results for the corresponding quarter and year ended 31st March, 2023 have been restated to comply with IND-AS to make them comparable.
3. The Audited financial statement for the quarter & year ended 31st March, 2023 has been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 30h May, 2023.

**for Sir Shadi Lal Enterprises Ltd.**
**Sd/-**
**(Rajat Lal)**
**Managing Director**
**(DIN:00112489)**

**Place : New Delhi**
**Dated : 30th May,2023**

Secured Creditor, the physical possession of which has been taken by the Authorised Officer of **Orix Leasing & amp; Financial Services India Ltd.**, will be sold through public auction on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" and "WHATEVER THERE IS BASIS" on **19-06-2023** for recovery of **INR 1,24,87,906/- (Rupees One Crore Twenty Four Lac Eighty Seven Thousand Nine Hundred Six only)** as on **31st May, 2023** due to **Orix Leasing & amp; Financial Services India Ltd.** from **M/s. Himanshu Jute Fab, Nirmal Kumar Gupta, Meena Gupta & amp ; Himanshu Gupta** (borrower and co-borrower(s)). The Reserve Price will be **INR 95,00,000/- (Rupees Ninety Five Lakhs Only)** and the Earnest Money Deposit (EMD) will **INR 30,00,000/- (Rupees Thirty Lac Only).**

**DESCRIPTION OF MORTGAGE PROPERTY**

**ALL THAT PART AND PARCEL OF PROPERTY BEING HOUSE NO. 149, KHASRA NO. 10 & amp; 11, HAIDERPUR, OLD LAL DORA, VILLAGE SHALIMAR BAGH, DELHI-110088 ADMEASURING AREA APPROX 175 SQ. YARDS**

Interested bidders may contact Authorised Officer **Mr. Sukhwant Singh (Contact Details: +91-98103 89922)** for any queries during the working hours from Monday to Saturday and for detailed terms and conditions of the sale, please refer to the link provided in the website of Orix Leasing & amp; Financial Services India Ltd., i.e. https://www.orixindia.com/leasing.php

**Date : 29-05-2023**
**Place : DELHI** **Sd/-**
**Loan No. LN0000000006561** **Authorised Officer**
**ORIX Leasing & Financial Services India Limited**

# POLYCON International Ltd.

Regd. Office: 48-49, Lane no. 2, Gopalbadi, Ajmer Road, JAIPUR (Rajasthan)-302001
CIN: L28992RJ1991PLC006265 •Email: info@polyconltd.com •Website: www.polyconltd.com

**EXTRACT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st MARCH, 2023**
**(Amount Rs. in Lakhs)**

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Quarter Ended 31.03.2022 (Audited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) | Year Ended 31.03.2022 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations (Net) | 525.11 | 651.22 | 832.21 | 2622.04 | 3055.22 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | 2.90 | 2.60 | 7.42 | 14.59 | -8.55 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.90 | 2.60 | 7.42 | 14.59 | -8.55 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period After Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | -2.00 | 2.60 | 6.67 | 6.43 | -10.08 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [ Comprising Profit / (Loss) for the period (After Tax) and other comprehensive income (after tax)] | -2.00 | 2.60 | 6.67 | 6.43 | -10.08 |
| 6 | Equity share capital ( Face value of Rs. 10/- each) | 543.55 | 543.55 | 543.55 | 543.55 | 543.55 |
| 7 | Earning per share (Face Value Rs. 10/- each) | | | | | |
| | 1. Basic | -0.04 | 0.05 | 0.14 | 0.13 | -0.21 |
| | 2. Diluted | -0.04 | 0.05 | 0.14 | 0.13 | -0.21 |

**NOTES:**
(A) The above is an extract of the detailed format of Quarter and Year ended Audited financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and year to date financial results are available on the stock exchange website **www.bseindia.com** and on company's website **www. Polyconltd.com**

Sd/
RAJIV BAID
MANAGING DIRECTOR
DIN-00212265

Place : Jaipur
Date : 30th May, 2023

# AASHRIT CAPITAL LIMITED

(Formerly Jalan Cement Works Limited)
Regd. Office : Select CityWalk, 6th Floor, A-3, District Centre, Saket, New Delhi 110017
CIN: L65923DL1972PLC317436
Email Id : jalancementworklimited@gmail.com, Website : www.aashritcapital.com
Tel. No. : 011-40599999

(AMOUNT IN LAKHS)

| S. No. | Particulars | For The Quarter Ended On 31.03.2023 Audited | For The Quarter Ended On 31.03.2022 Audited | For Year Ended On 31.03.2023 Audited | For Year Ended On 31.03.2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (net) | 1,114.10 | 415.14 | 5,661.54 | 1,003.45 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 27.38 | 39.61 | 2,585.23 | 152.80 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 27.38 | 39.61 | 2,585.23 | 152.80 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (7.12) | 43.42 | 2,.308.60 | 173.12 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (7.12) | 43.42 | 2,.308.60 | 173.12 |
| 6 | Equity share capital | 1,120.25 | 1,120.25 | 1,120.25 | 1,120.25 |
| 7 | Reserve (excluding revaluation Reserve) as shown in the audited balance sheet of previous year | 15,213.46 | 14,492.26 | 15,213.46 | 14,492.26 |
| 8 | Earnings Per Shares (EPS) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | a) Basic | (0.06) | 0.39 | 20.61 | 1.55 |
| | b) Diluted | (0.06) | 0.39 | 20.61 | 1.55 |

**SEGMENT REPORTING**

(AMOUNT IN LAKHS)

| S. No. | Particulars | For The Quarter Ended On 31.03.2023 Audited | For The Quarter Ended On 31.03.2022 Audited | For Year Ended On 31.03.2023 Audited | For Year Ended On 31.03.2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Segment Revenue** | | | | |
| | a) Segment-NBFC | 1,114.10 | 415.14 | 5,661.54 | 995.34 |
| | b) Segment- Real Estate | - | - | - | - |
| | c) Unallocated | - | - | - | 8.11 |
| | Total | 1,114.10 | 415.14 | 5,661.54 | 1,003.45 |
| | Less: Inter Segment Revenue | - | - | - | - |
| | **Gross Revenue** | 1,114.10 | 415.14 | 5,661.54 | 1,003.45 |
| 2 | **Segment Results** | | | | |
| | a) Segment-NBFC | 27.38 | 39.61 | 2,585.23 | 152.80 |
| | b) Segment- Real Estate | - | - | - | - |
| | c) Unallocated | - | - | - | - |
| | **Profit/Loss Before Tax** | 27.38 | 39.61 | 2,585.23 | 152.80 |
| 3 | **Segment Assets** | | | | |
| | a) Segment-NBFC | 17,793.27 | 17,367.61 | 17,793.27 | 17,367.61 |
| | b) Segment- Real Estate | - | 275.00 | - | 275.00 |
| | c) Unallocated | - | - | - | - |
| | **Total Assets** | 17,793.27 | 17,367.61 | 17,793.27 | 17,367.61 |
| 4 | **Segment Liabilities** | | | | |
| | a) Segment-NBFC | 1,459.56 | 2,030.10 | 1,459.56 | 2,030.10 |
| | b) Segment- Real Estate | - | - | - | - |
| | c) Unallocated | - | - | - | - |
| | **Total Liabilities** | 1,459.56 | 2,030.10 | 1,459.56 | 2,030.10 |

Notes:-
1. The above audited financial results for the quarter and year ended on 31.03.2023 have been reviewed by the Audit committee and have been approved by the Board at their meeting held on 30.05.2023
2. The figures of quarter ended on 31.03.2023 are the balancing figure between audited figures in respect of financial year 2021-22 and the published year to date figure upto third quarter of the financial year 2022-23
3. There are two reportable Segments as per Indian Accounting Standard (IndAS) 108 "Operating Segment".
4. The Company has adopted Ind AS 17 "Leases" effective 1 April 2019, as-notified by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) in the Companies (Indian Accounting Standard) Amendment Rules, 2019, using modified retrospective method. The adoption of this standard did not have any material impact on the profit of the current quarter.
5. Previous period figure has been regrouped/rearranged wherever necessary.

**For Aashrit Capital Limited**
**Sd/-**
**Nimish Arora**
**Managing Director**
**DIN : 01982312**

Place : Delhi
Date: 30.05.2023

## संपादकीय

# मौद्रिक प्रबंधन के अंतर्गत 2000 रुपए के नोट की वापसी, कालाबाजारियों को चेतावनी

कुशाग्र

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने अपने स्तर पर देश में 2000 रुपए के नोट की छपाई को रोकने तथा 30 सितंबर 2023 तक उसे बाजार से वापस लेने की घोषणा की है। रिजर्व बैंक ने यह स्पष्ट किया है कि 3.50 लाख करोड़ रुपए के 2000 रुपए के नोट की कानूनी मान्यता यथावत बनी रहेगी। यह कुल प्रचलन के दस प्रतिशत से भी कम है और जो लोग 30 सितंबर 2023 तक जमा नहीं करवाएंगे। उसके बावजूद इसकी कानून वैधता यथावत रहेगी। रिजर्व बैंक इसके पश्चात इस पर विचार कर सकता है। देश को गत वर्षों से मुद्रा प्रसार दर वृद्धि का भी सामना करना पड़ रहा है। अनेक प्रयासों के पश्चात हालांकि रिजर्व बैंक ने मुद्रा प्रसार दर को काबू कर लिया है और अप्रेल के दौरान मुद्रा प्रसार दर घटकर 4.7 प्रतिशत ही रह गई है, लेकिन रिजर्व बैंक के 2-6 प्रतिशत के लक्ष्य से कुछ अधिक अवश्य है। 2000 रुपए के नोट को प्रचलन से बाहर करने का निर्णय एक बड़ी मात्रा में मुद्रा को प्रचलन के बाहर भी करना हो सकता है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कालाधन बड़ी मात्रा में 2000 रुपए के नोट का ही हिस्सा है और इसको अगर रोका जाता है, इसके प्रसार को बंद किया जाता है तो करोड़ों रुपए नकद काला धन रखने वाले ऐसे कारोबारियों के लिए संकट उत्पन्न हो सकता है। रिजर्व बैंक के आयकर विभाग भी ऐसे नोट बदलने वालों की बैंकों के माध्यम से पहचान कर सकते हैं, जिनके साथ कालेधन का भी संबंध हो सकता है। एक सीमा से अधिक नोट बदलने वाले लोगों पर आयकर विभाग की निगाह रह सकती है। देश के विपक्षी दल हालांकि रिजर्व बैंक के इस निर्णय की आलोचना कर रहे हैं। लोकतंत्र में आलोचना करना विपक्ष व नागरिकों का अधिकार है, लेकिन समय के अनुसार रिजर्व बैंक का यह निर्णय तर्कसंगत अवश्य लगता है। देश के आम आदमी को इससे चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। यह रिजर्व बैंक के मुद्रा प्रबंधन का ही हिस्सा है। इसी के अंतर्गत यह कार्यवाही की गई है। रिजर्व बैंक डॉलर खरीद बिक्री के माध्यम से भी इसी तरह नकद तरलता को कम करने का प्रयास कर सकता है। इससे डॉलर के भावी प्रीमियम में वृद्धि हो सकती है तथा इससे बांड पर लघु अवधि की आय में कमी भी आ सकती है, लेकिन ऐसे हालात उत्पन्न नहीं होंगे, क्योंकि रिजर्व बैंक बाजार में नकद तरलता उसी अनुपात में उपलब्ध भी कर लेगा। ऐसा भी हो सकता है कि देश में जिस तरह कॉर्पोरेट औद्योगिक उपभोक्ता मांग में सुधार हो रहा है, उसे देखते हुए रिजर्व बैंक अतिरिक्त नकद तरलता भी उपलब्ध कर सकता है क्योंकि मुद्रा प्रसार बढ़ने की संभावना नहीं लगती है। देश में उत्पादन बढ़ रहा है, उपभोग भी संतुलन के साथ बढ़ रहा है और निवेश की गतिशीलता सरकार व निजी क्षेत्र के साथ विदेशी निवेशकों के स्तर पर देखी जा सकती है। रिजर्व बैंक निश्चित रूप से पर्याप्त नकद तरलता उपलब्ध रखेगा, ताकि कॉर्पोरेट क्षेत्र को अग्रिम कर भुगतान में किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। देश के बैंकिंग उद्योग के लिए यह तिमाही और अधिक महत्वपूर्ण व आकर्षक सिद्ध हो सकती है, क्योंकि जमाओं की रफ्तार कमजोर रहने के बावजूद बैंकों की ऋण साख में व्यापक उछाल देखने को मिल रहा है। देश में जमाओं की ब्याज दर में कुछ सुधार अवश्य देखने को मिल रहा है, क्योंकि ऋण साख की मांग तेजी से बढ़ रही है। आर्थिक गतिविधियों व निवेश में तेजी से सुधार हो रहा है। गत तिमाही के दौरान बैंकों की ऋण साख 16-17 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जबकि बैंकों की जमाओं में केवल 10-11 प्रतिशत की वृद्धि संभव हो सकी है। रिजर्व बैंक इस स्तर पर भी बैंकिंग प्रणाली के हालात को लेकर संतुष्ट है, क्योंकि बैंकों की शुद्ध ब्याज आय बढ़ रही है और बैंकों की गैर निष्पादित संपत्तियां गत एक दशक के न्यूनतम स्तर पर देखी जा सकती है। बैंकों की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को ऋण साख तेजी से बढ़ रही है। यह कंपनियां अधिकांश ऋण छोटे उद्योगों, व्यापारियों व व्यक्तिगत ऋण लेने वाले नागरिकों को उपलब्ध कर रही है।

यह कंपनियां बड़े उद्योगों को ऋण नहीं देती है। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। यह निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था में निजी निवेश में सुधार का प्रतीक कहा जा सकता है। अनेक बड़ी कंपनियां घरेलू मांग में सुधार को देखते हुए अपनी क्षमता विस्तार का निर्णय ले चुकी है। यह उत्पादन वृद्धि को प्रत्यक्ष प्रोत्साहन कहा जा सकता है। यह कार्य हालांकि विलंब से शुरू हुआ है, लेकिन देश में घरेलू मांग जिस तरह बढ़ रही है, उसी के अनुरूप निवेश के क्षमता वृद्धि भी आवश्यक है। इस क्षेत्र में पिछड़ने पर पुन: मुद्रा प्रसार वृद्धि की संभावना बढ़ सकती है, लेकिन फिलहाल मांग के अनुरूप क्षमता का भी देश में विस्तार हो रहा है। रिजर्व बैंक द्वारा बाजार में पर्याप्त नकद तरलता उपलब्ध किए जाने से आर्थिक विकास निवेश व उत्पादन को समान रूप से प्रोत्साहन मिलने की संभावना है और इससे मुद्रा प्रसार दर में कमी व रुपए के विनिमय मूल्य में भी स्थिरता आने की संभावना है और इससे 2000 रुपए के नोट को वापस लिए जाने की कार्यवाही का भी असर समाप्त हो जाने की संभावना है। रिजर्व बैंक ने बैंकिंग उद्योग को यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अर्थव्यवस्था में मांग के अनुरूप नकद तरलता का अभाव निवेश उत्पादन व उपभोग के लिए नहीं रहेगा। वर्ष 2016 के विमोद्रीकरण के पश्चात जो हालात उत्पन्न हुए थे, वैसे हालात उत्पन्न नहीं होंगे, क्योंकि कोविड के पश्चात से ही रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में पर्याप्त नकद तरलता प्रवाहित कर चुका है और आवश्यकता पड़ने पर इसके लिए रिजर्व बैंक तैयार भी है। आज देश अधिकांश ऑनलाइन सौदों की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है और पहले जैसी आवश्यकता नकद राशि की देखने को नहीं मिलेगी, ऐसी पूरी संभावना है। आज देश में एक मजबूत सरकार है, मजबूत केन्द्रीय बैंक है और 2016 के हालात की पुनरावृति होने की संभावना नहीं है, लेकिन रिजर्व बैंक का यह निर्णय देश में जमाखोरों, कालाबाजारियों, कालाधन जमाकर्ताओं, मनी लाउंडटर्स के लिए अवश्य ही चुनौती है, क्या यह लोग जमा कालाधन लोगों को लाइन में खड़ा करके बदलवा सकेंगे। फिलहाल यह तो भविष्य ही बताएगा, लेकिन रिजर्व बैंक का यह निर्णय ऐसे कालाबजारियों, कालाधन जमा करने वालों को तो स्पष्ट चेतावनी व चुनौती भी है। यह निर्णय सरकार व रिजर्व बैंक द्वारा कालेधन के प्रवाह को रोकने के लिए की गई प्रभावशाली कार्यवाही है। इससे आम नागरिकों, कारोबारियों, व्यवसाइयों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। रिजर्व बैंक ने पर्याप्त समय दिया है और नोट को बदलने की कार्यवाही को पूरी तरह आसान भी कर दिया है। बैंकों को इस संबंध में आम नागरिकों के साथ पूरी तरह सहयोग करना होगा, जो व्यक्ति नोट बदलवाने के लिए जाता है, उसको हर तरह की बिना अनावश्यक पूछताछ के सुविधा सुलभ करनी होगी।

# सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कब्जा किए हुए प्लाट पर आवंटन की अनुमति नहीं

**राष्ट्रीय** उपभोक्ता संरक्षण आयोग के सदस्य अध्यक्ष प्रेम नारायण के समक्ष एक याचिका कानून की धारा 2(1)(d) तथा 21(b) के अंतर्गत जनजागरण समिति बनाम विमला देवी व अन्य संबधित प्रकरण में विचारार्थ प्रस्तुत की गई। इस प्रकरण में याचिकाकर्ता जन जागरण समिति ने एक शिकायत कानपुर डवलपमेंट अधिकरण के विरुद्ध जिला उपभोक्ता फोरम कानपुर के समक्ष दर्ज की थी। इसमें सेवा दोष का आरोप लगाते हुए कहा गया कि वह उसके प्लाट को रेग्युलराइज नहीं कर रहा है। यह प्लाट उसके कब्जे में है। यह प्लाट संस्था के कब्जे में लंबे समय से है तथा शिकायतकर्ता संस्था ने इस प्लाट पर कुछ निर्माण भी किया हुआ है। इस शिकायत का कानपुर विकास अधिकरण के द्वारा विरोध किया गया तथा कहा गया कि ऐसा कोई प्लाट संख्या 57A नहीं है तथा यह भूमि सार्वजनिक उपयोग की है और शिकायतकर्ता को आवंटत नहीं की जा सकती है। जिला उपोक्ता फोरम ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात अपना आदेश आरक्षित कर दिया। 16.12.2003 को विमला देवी व दुलीचन्द जो प्लाट संख्या 181 तथा 183 के मालिक हैं, ने जिला फोरम को आवेदन करके प्लाट संबधित आदेश को जारी नहीं करने का अनुरोध किया तथा कहा कि उनको सुनने के पश्चात ही उपरोक्त प्लाट संबंधित कोई निर्णय सुनाया जाना चाहिए। इस आवेदन में उपरोक्त दोनों ने कहा कि संस्था ने अवैध ढंग से प्लाट संख्या 57A पर कब्जा कर रखा है तथा संस्था के द्वारा अवैध निर्माण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर निर्मित है तथा इस प्लाट का उपयोग रास्ते के रूप में किया जाना चाहिए जो मार्ग उनके घर की ओर जाता है। जिला फोरम ने उपरोक्त शिकायत पर सुनवाई के लिए 18.12.2003 की तिथि तय की तथा जिला फोरम के विरुद्ध अपीलेंट ने रिविजन पिटिशन प्रस्तुत की है जो राज्य आयोग के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत की गई तथा राज्य आयोग ने इस पर विचार के लिए 19.1.2004 की तिथि सुनवाई के लिए तय की, लेकिन जिला फोरम में 18.12.2003 को सुनवाई हुई तथा जिला फोरम ने प्रार्थी के आवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि कानपुर विकास अधिकरण प्लाट संख्या 57A जो 161 वर्ग मीटर का है, उसके नियमन का कार्य शीघ्र करें। इस आदेश के विरुद्ध विमला देवी तथा कानपुर विकास अधिकरण ने अलग-अलग दो अपील राज्य आयोग के समक्ष प्रस्तुत की तथा सभी पक्षों को सुनने के पश्चात राज्य आयोग ने जिला फोरम के आदेश पर स्थगन आदेश जारी कर दिया। इस संपूर्ण प्रकरण पर स्थगन आदेश दे दिया गया, लेकिन कानपुर विकास अधिकरण ने इस स्थगन के बावजूद उपरोक्त प्लाट 57A के संबध में शिकायतकर्ता के पक्ष में आवंटन कर दिया और उसका नियमन भी कर दिया तथा कानपुर अधिकरण ने राज्य आयोग से अपनी अपील वापस लेने के लिए भी आवेदन किया, लेकिन विमला देवी ने राज्य आयोग के स्थगन के विरुद्ध किए गए इस आवंटन के विरुद्ध कार्यवाही के लिए आग्रह किया। इसके उत्तर में राज्य आयोग ने कानपुर विकास अधिरण के आदेश को निरस्त कर दिया तथा कहा कि अधिकरण को किसी ट्रेस पास करने वाले के पक्ष में निर्णय दिया जाना अनुचित है। इसी संदर्भ में कानपुर अधिकरण के अधिकारी को गिरफ्तार करने का आदेश दिया तथा अधिकरण के उपाध्यक्ष से कहा कि वह उन सभी अधिकारियों के नाम बताए जिन्होंने यह गलत कार्य किया है तथा जिन्होंने राज्य आयोग ने 19.1.2004 के आदेश की अवहेलना करके प्लाट का नियमन किया है। इस आदेश के विरुद्ध रिविजन पिटिशन संख्या 1354 वर्ष 2008 दायर की गई, जिसमें राज्य आयोग ने अधिकरण द्वारा स्वीकृत विक्रय पत्र को निरस्त कर दिया था।

आयोग ने सभी पक्षों के पक्ष को सुनने के पश्चात कहा कि जन जागरण समिति एक पंजीकृत संस्था है। संस्था ने वर्ष 1991 में ही नियमन के लिए 2000 रुपए अधिकरण के पास जमा करवाए थे, जबकि यह प्लाट ही विवादग्रस्त रहा है। यह समिति के द्वारा राशि जमा नहीं की गई थी। वरन् एक व्यक्ति के द्वारा धन राशि जमा की गई थी जो बाद में इस समिति का महामंत्री बन गया था। इस संबंध में समिति यह नहीं कह सकती है कि उसने कुछ राशि जमा करवाई है। ऐसे हालात में यह समिति किसी तरह उपभोक्ता का अधिकार नहीं रखती है। केडीए ने भी कहा है कि मास्टर प्लान में ऐसा कोई 57 A प्लाट नहीं है तथा सार्वजनिक भूमि का आवंटन किसी के पक्ष में नहीं किया जा सकता है।

आयोग ने कहा कि उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर तो समिति की कोई शिकायत पर जिला फोरम कोई विचार नहीं कर सकता है। अत: 18.12.2003 तथा 19.12.03 के जिला फोरम के आदेश ही उचित व न्यायोचित नहीं है। इसी के संदर्भ में केडीए द्वारा जो सेल्सडीड का क्रियान्वयन किया गया है, वह अनुचित व गैर कानूनी है। उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर राष्ट्रीय आयोग ने जन जागरण समिति द्वारा दायर रिविजन पिटिशन को खारिज करने का आदेश दिया तथा कहा कि 22.10.2004 विक्रय पत्र को निरस्त करने के पश्चात अधिकरण इस प्लाट के निस्तारण का कोई कार्य अधिकरण की नीति के आधार पर कर सकता है। इससे पूर्व सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। राष्ट्रीय आयोग ने पुन: सभी पक्षों को सुनने के पश्चात अपने आदेश में कहा कि स्थगन के बावजूद अगर केडीए विक्रय पत्र को क्रियान्वित करना चाहता था तो शिकायतकर्ता को स्थगन की जानकारी देनी ही चाहिए थी। आयोग ने इस शिकायत के संदर्भ में कहा कि 1354 आरपी के अंतर्गत यह शिकायत खारिज हो गई है। इसी संदर्भ में विक्रय पत्र भी निरस्त कर दिया गया है। आयोग ने कहा कि अब अपीलेंट के विरुद्ध उपभोक्ता संरक्षण कानून के अंतर्गत कार्यवाही केडीए के अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्यवाही राज्य आयोग के समक्ष लंबित है। ऐसे हालात में राज्य आयोग द्वारा जो 6 माह की गिरफ्तारी का आदेश अधिकारियों के विरुद्ध दिया गया है, वह निरस्त किया जाता है। अगर अधिकारियों के विरुद्ध दायर वाद पर निर्णय सुना दिया गया है तथा राज्य आयोग इस संबंध में आदेश दे चुका है। ऐसे हालात में 22.2.2008 का 6 माह की जेल का आदेश भी संशोधित होगा तथा अपीलेंट को 10000 शास्ति का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही दोनों पक्षों को राज्य आयोग के समक्ष आगामी 8.5.2009 को पुन: सुनवाई के लिए उपस्थित होना होगा।

## सूचना

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी न्याय निर्णय मूल निर्णयों की नकल नहीं हैं। यह निर्णय मूल निर्णय को पढ़कर पाठकों के हित में प्रकाशित किये गये हैं। आवश्यकता पड़ने पर मूल निर्णय को अवश्य देखें। -**संपादक**

**A.K. SPINTEX LIMITED**

Regd. Office:-14 K.M. STONE, CHITTOR ROAD, BILIYA-KALAN, BHILWARA-311001 (RAJ.) Ph: 9887049006, 9929139002
Email:-akspintex@gmail.com: Website:-www.akspintex.com (CIN: L17117RJ1994PLC008916)

**Audited Financial Result for the Quarter and year ended March 31,2023** (Rs. In lacs)

| Particulars | Quarter Ended 31.03.2023 | Quarter Ended 31.03.2022 | Year Ended 31.03.2023 | Year Ended 31.03.2021 |
|---|---|---|---|---|
| | Audited | Audited | Audited | Audited |
| Total income from operations (net) | 3232.28 | 2365.01 | 11643.27 | 7265.08 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 154.38 | 83.58 | 732.42 | 180.84 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 154.38 | 83.58 | 732.42 | 180.84 |
| Equity Share Capital | 503.17 | 503.17 | 503.17 | 503.17 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | 2549.38 | 1816.96 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 3.07 | 1.66 | 14.56 | 3.59 |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 3.07 | 1.66 | 14.56 | 3.59 |

**Notes:-** The above is an extract of the detailed format of the Audited Financial Results for the quarterand Year ended 31st March, 2023 filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats on Financial Results are available on the Stock Exchange websites of BSE at **www.bseindia.com** and company's website at **www.akspintex.com.**

For and on behalf of Board of Directors
For **A.K. SPINTEX LIMITED**
Sd/-
**(Prakash Chand Chhabra)**
Managing Director (DIN: 00155631)

**Date : 30.05.2023**
**Place: Bhilwara**

PODDAR PIGMENTS **PODDAR PIGMENTS LIMITED**

**REGD. OFFICE: E-10-11 & F-14 to 16, RIICO INDUSTRIAL AREA, SITAPURA, JAIPUR (Raj.)- 302022**
**CIN: L24117RJ1991PLC006307, Tel. No.: 0141-2770202/03**
E-mail address: jaipur@poddarpigmentsltd.com, Website address: www.poddarpigmentsltd.com

**Statement of Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year ended on 31st March, 2023**
**(Rs. in Lakh, except per share data)**

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31.03.2023 | Quarter Ended 31.12.2022 | Corresponding Quarter Ended 31.03.2022 | Year Ended 31.03.2023 | Year Ended 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (Audited) | (Unaudited) | (Audited) | (Audited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 8800.87 | 8435.64 | 8420.58 | 34626.05 | 30011.73 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax Exceptional and /or Extraordinary items) | 983.37 | 981.33 | 782.86 | 3689.22 | 2861.41 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 983.37 | 981.33 | 782.86 | 3689.22 | 2861.41 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 745.35 | 695.72 | 539.24 | 2734.05 | 2125.02 |
| 5 | Total Other Comprehensive Income for the period (net of tax) (Net gains/(losses) on fair value of equity instruments and actuarial gain /(loss) on defined benefit plan) | (800.12) | 183.67 | 1045.20 | (4475.64) | 5593.34 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (54.77) | 879.39 | 1584.45 | (1741.59) | 7718.36 |
| 7 | Equity Share Capital | 1061.00 | 1061.00 | 1061.00 | 1061.00 | 1061.00 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | 28309.65 | 30687.86 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | |
| | 1. Basic: | 7.02 | 6.56 | 5.08 | 25.77 | 20.03 |
| | 2. Diluted: | 7.02 | 6.56 | 5.08 | 25.77 | 20.03 |

Notes:
1. The above Audited results were reviewed by the Audit Committee of the Board of Directors in its meeting held on 26th May 2023 and approved by the Board of Directors in the meeting held on 29th May 2023. The Auditors of the company have carried out the audit of the same.
2. The above is an extract of the detailed format of the standalone result for the quarter and year ended 31st March 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (listing obligations and disclosure requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone financial results for the quarter and year ended 31st March 2023 is available on the Stock Exchange website www.bseindia.com, www.nseindia.com and company's website www.poddarpigmentsltd.com
3. During the current quarter ended 31st March 2023, the board of the Directors of the company at their meetings held on 14th March 2023 approved interim dividend of Rs. 3.50 i.e. 35% on face value of Rs. 10/- per equity share for FY 2022-23. The Interim dividend is now the Final Dividend.
4. The total other Comprehensive Income (net of tax) is resultant impact of net gain/loss based on fair value of equity instrument and fair value of actuarial gain/loss as per Ind AS. As per fair valuation, the Cumulative impact of Other Comprehensive Income (net of tax) is a net loss of Rs. 4475.64 lakhs during the year 2022-23 including net loss of Rs. 800.12 lakhs in the current quarter.
5. The Company has only one reportable business segments i.e. Master batches and accordingly disclosures requirement of separate segment information in terms of Ind-As 108 are not applicable to the company.
6. The figures for the quarter ended 31st March, 2023 and 31st March, 2022 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the third quarter of the financial year respectively.
7. Figures for the previous periods have been regrouped/reclassified wherever necessary, to current period's grouping/classifacation.

For and on behalf of the Board of Directors
FOR PODDAR PIGMENTS LIMITED
S.S. PODDAR
MANAGING DIRECTOR
DIN:00058025

Place: Jaipur
Date: 29th May, 2023

## हेल्थ • सोसायटी • एज्युकेशन

### समय की मांग

*रक्तदान से बढ़ रहा, हर दानी का मान।*
*जनता को भी चाहिए, करें सतत ये दान।।*

साभार :- शारदा-नवल डागा

### आज का विचार

जितनी अल्प आवश्यकताएं होंगी,
जीवन उतना ही सुखी होगा। - अज्ञात

नफा नुकसान

स्वत्वाधिकारी कुशाग्र पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए मुद्रक व प्रकाशक जितेन्द्र कोठारी द्वारा 52-53, कल्याण कॉलोनी, मालवीया नगर, जयपुर-17 (रजि. ऑफिस) एवं 204, गौरव टॉवर मालवीया नगर, जयपुर-17 (कार्यालय) से प्रकाशित एवं कुशाग्र पब्लिकेशन्स प्रा. लिमिटेड, एसपीएल-4(ए), सीतापुरा इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर से मुद्रित।

सम्पादक: वैभव कोठारी
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)

फोन: 0141-4011152
0141-3518087
ई-मेल : info@nafanuksan.com

डिसक्लेमर

नफा नुकसान में प्रकाशित हर प्रकार के कंटेंट के जरिए पाठको को कारोबारी जगत में हो रहे घटनाक्रमों की जानकारी, विश्लेषण, सूचनाएं आदि देने का प्रयास रहता है। इनमें से कई बार ऐसे से कंटेंट का प्रकाशन भी हो सकता है जो नफा नुकसान के पास उपलब्ध जानकारियों से मेल नहीं खाता हो व अलग हो। इसलिए नफा नुकसान में प्रकाशित कंटेंट के आधार पर अगर कोई कैसा भी निर्णय करता है तो उसकी जिम्मेदारी नफा नुकसान नहीं लेता है। पाठक स्वयं अपने विवेक से ही निर्णय करें ऐसी अपेक्षा की जाती है। नफा नुकसान में जिन विज्ञापनों का प्रकाशन किया जाता है उनके बारे में यह स्पष्ट किया जाता है कि नफा नुकसान का किसी भी विज्ञापनदाता से विज्ञापन के अलावा अन्य कोई सारोकार नहीं है और न ही विज्ञापनों में दर्शाई सामग्री का कोई समर्थन नफा नुकसान द्वारा किया जाता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण व दावे के लिए विज्ञापनदाता ही जिम्मेदार होगा। नफा नुकसान में प्रकाशित कंटेंट लेखकों, न्यूज एजेंसी व संपादकीय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं जिनपर पूरी तरह से नफा नुकसान का सर्वाधिकार है। नफा नुकसान में प्रकाशित किसी भी तरह के कंटेंट का किसी भी व्यक्ति, संस्थान या अन्य द्वारा बिना नफा नुकसान की लिखित अनुमति के प्रकाशन व प्रसारण किया जाना गैर-कानूनी होगा।

# 'भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति'

(2) **निरंतरता**- भारतीय संस्कृति की दूसरी विशेषता निरंतरता है। यह सर्व विदित है कि भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है और अधिकांश पुरानी परंपराओं को हम आज भी निभाते आ रहे हैं। वेदों और उपनिषदों जैसे वैदिक ग्रंथों की आज भी मान्यता है। कहने का आशय है कि विश्व के कई अन्य देशों यथा रोम, मिश्र, ईरान, बेबीलान आदि की तरह हमारी संस्कृति खत्म नहीं हुई है, वह आज भी जिंदा है। अर्थात भारतीय संस्कृति हजारों सालों बाद भी अपने मूल स्वरूप में जीवित है। उदाहरणार्थ-भारत में सूर्य तथा अन्य देवी-देवताओं, नदियों, बरगद के पेड़ जैसे वृक्षों की पूजा का क्रम शताब्दियों से चला आ रहा है, जो आज भी जारी है।

(3) **आध्यात्मिकता**- आध्यात्मिकता को भारतीय संस्कृति का प्राण कहा जाता है। त्याग और तपस्या, आध्यात्मिकता के मुख्य भाग है। मनुष्य जब त्याग को अपना लेता है, तब उसे हर तरफ से संतोष की प्राप्ति होती है। दृष्टव्य है कि त्याग से मनुष्य की लालच और स्वार्थ जैसी बुरी भावनाओं का नाश होता है तथा त्यागी पुरुष प्रत्येक काम संयम से करता है। भारतीय संस्कृति का प्रधान गुण भौतिक और आध्यात्मिक तत्वों को साथ-साथ लेकर चलना है। वस्तुत: प्राचीन काल में मनुष्य के चार पुरुषार्थ यथा- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष तथा चार आश्रम-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास इसी भौतिक एवं आध्यात्मिक पक्ष को प्रमाणित करते हैं।

(4) **अनेकता में एकता**- भारत का क्षेत्र उत्तर के पहाड़ी इलाकों से लेकर पूर्व की ब्रह्मपुत्र तथा पश्चिम की सिंधु नदी तक फैला हुआ है। दक्षिण में घने जंगलों से लेकर गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी भारत में है। पश्चिम में रेगिस्तान तथा दक्षिण में तटीय प्रदेश स्थित है। इस प्रकार भारत में भौगोलिक रूप से अनेक विविधताएं हैं। इसके अतिरिक्त भारत की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी काफी भिन्नता है। साथ ही भारत में विभिन्न धर्म, जाति, पंथ, संप्रदाय, समुदाय के लोग रहते हैं। इन लोगों की भाषा, रहन-सहन, खान-पान और बोलचाल में भी काफी भिन्नता है। इतनी सारी विभिन्न प्रकार की भिन्नताएं होने के बावजूद भी सांस्कृतिक रूप से भारत एक है और उपरोक्त वर्णित कारणों से ही भारत को 'अनेकता में एकता' का देश कहा जाता है। भारत की भौगोलिक स्थिति, जलवायु और अर्थव्यवस्था, क्षेत्रीय विशेषताओं और विविधताओं को उत्पन्न करती है तथा इसी कारण भारत में खान-पान से लेकर रहन-सहन, वेशभूषा व रीति-रिवाजों में विभिन्नता दिखाई देती है। - **क्रमश:**

**- पीसी वर्मा, पूर्व उपायुक्त, वाणिज्यिक कर, जयपुर।**

### वैश्विक तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष

# जान बूझकर मृत्यु का आलिंगन करते हैं लोग

**सम्प्रेषण**

**किसी** भी डॉक्टर के पास शिकायत लेकर जाने पर अक्सर पहली राय यही दी जाती है कि, आप तंबाकू सेवन या बीड़ी-सिगरेट पीना छोड़ दो। तंबाकू ऐसी वस्तु है जिसे देश और विदेशों में नशे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। विडम्बना यही है कि यह जानते बुझते हुए भी कि, यह हमारे जीवन के लिये अत्यंत हानिकारक है। फिर भी बेधड़क सेवन किए जा रहे हैं। फिर चाहे वह खाने में हो या पीने में हो। तंबाकू पीने के लिए हुक्का, बीड़ी, सिगरेट, सिगार, पाइप आदि की खोज कर ली गई, फलत: आज इन वस्तुओं का उद्योग दिन दुनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। अक्सर आप टीवी पर अभिनेताओं को इसका विज्ञापन करते भी देखेंगे। उन्हें भी क्या.....? उनको तो अपनी रकम से मतलब फिर कोई जिए या मरे! क्या उनके मन में कभी यह प्रश्न नहीं कौंधता हमारे द्वारा किए गए विज्ञापन से लोगों के जीवन पर क्या असर होगा....? क्या आमजन से इनका कोई सरोकार नहीं.......? तंबाकू के बारे में सहभाई भाईचारा तो देखते ही बनता है, भले ही आदमी दूसरे को अपने हाथ का मैल भी मांगने पर नहीं दे, लेकिन अगर आपसे कोई (तंबाकू मलते देखकर) तंबाकू मांगता है तो बड़े प्रेम से उसे भी एक चुटकी तंबाकू जरूर दे देते है। तंबाकू एक ऐसी वस्तु है जिसे मांगकर खाने को कतई बुरा नहीं समझा जाता है। गरीब - अमीर सभी नि:संकोच तंबाकू मांगकर खाते हैं-खिलाते हैं।

एक समाचार के अनुसार जिन देशों में सिगरेट के दुष्प्रभाव को लोगों ने नजदीक से देखा है, उन देशों में सिगरेट पीने वालों की संख्या बहुत घट गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऐसे कई विकसित देशों के राष्ट्रीय सर्वेक्षण के हवाले से जो आकड़े दिये हैं, उनसे पता चलता है कि कई देशों में अब तंबाकू एवं सिगरेट पीने वालों का प्रतिशत लगभग दस से भी नीचे आ गया है। लेकिन विकासशील देशों में स्थिति बिल्कुल अलग है। भारत जैसे देश में धूम्रपान का अभी तेजी से प्रसार हो रहा है, और उच्च आय वर्ग में यह फैशन का भी अंग बनता जा रहा है। यहां के लोग तंबाकू के दुष्प्रभाव को न समझते हों, ऐसी बात नहीं है, पर उनकी यह जानकारी सैद्धांतिक ही है। तंबाकू के जानलेवा दुष्प्रभाव को अभी विकासशील देशों में देखा ही नहीं गया है, और अगर देखा भी गया है तो उसे अनदेखा कर दिया जा रहा है।

भारत जैसे देश में कुछ तबकों को छोड़कर महिलाएं धूम्रपान नहीं किया करतीं। पर इधर कुछ सालों में नारी मुक्त आंदोलन के प्रभाव से बहुत सी औरतों के लिए तंबाकू सिगरेट सुलगाना ,अपने बंधनों को तोड़ने का प्रतीक बन चुका है। अनुमान है कि विश्व में कम से कम तीस लाख व्यक्ति तंबाकू संबंधित कारणों से ही इस दुनियां से कूच कर जाते हैं। इनमें एक तिहाई विकासशील देशों के हैं। यह स्थिति कितनी विकट है कि इसका अनुमान इस बात से भी लग जाता है कि विकसित राष्ट्रों में यह कुल मौतों का बीस प्रतिशत हिस्सा है। महिलाओं में बढ़ते धूम्रपान की वजह से अब उनमें कैंसर का खतरा ज्यादा मंडराने लगा है। अमेरिका और इंग्लैंड में फेफड़ों के कैंसर से मरने वाली महिलाओं में लगभग तीन-चौथाई धूम्रपान करने वाली औरतें होती हैं। अनुमान है कि इस दशक में फेफड़ों के कैंसर से मरने वाली लगभग नब्बे प्रतिशत औरतें असल में तम्बाकू जन्य बीमारियों के कारण अकाल काल का ग्रास बन जायेंगी। सार्वजनिक स्थानों में भी लोग धूम्रपान करने में गुरेज नहीं करते है। इनके ही कारण तम्बाकू या धूम्रपान से नाता न रखने वालों का स्वास्थ्य भी खतरे मे पड़ गया है। चूंकि वे भले ही तम्बाकू से दूर रहते हों, लेकिन आस पास उगले गये सिगरेट के धुयें से ये बच नहीं सकते। पता चला है कि सिगरेट - बीड़ी के धुंए से भरे वातावरण में सांस लेने के कारण धूम्रपान न करने वालों में फेफड़े का कैंसर होने का जोखिम तीस से लगभग पैंतीस प्रतिशत बढ़ गया है।